
# जानकीखेड़ा: विभागों की लड़ाई की सजा भुगत रही 45 हजार आबादी



खत्म करो इंतजार 4

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

मलिहाबाद के जानकीखेड़ा और बख्तियारनगर गांव के बीच बेहता नाले पर 22 वर्षों से अर्धनिर्मित पुल पीडब्ल्यूडी, जल निगम व सेतु निगम की आपसी खींचतान में फंस गया है।

इससे करीब दो दर्जन गांव एक-दूसरे से कटे हुये हैं। इमरजेंसी में किसी गर्भवती महिला व बुजुर्ग मरीज को अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। मजबूरी में परिजन अपने साधन से मरीज को लगभग 10 किलोमीटर लंबा सफर तय कर अस्पताल में भर्ती कराते हैं। पांच साल पहले अधूरे पुल से गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो चुकी है। वहीं कोरोना काल में लंबी दूरी के कारण कई मरीज रास्ते में दम भी तोड़ चुके हैं। ऐसे भी कई लोग हैं, जो पुल न बनने के कारण अपने नाते-रिश्तेदार के घर पर भी नहीं जा पाते। हिन्दुस्तान टीम ने मौके पर पहुंचकर लोगों से बातचीत की। इस दौरान ग्रामीणों ने पुल का काम पूरा न होने पर नाराजगी जताई।

## लोगों की पीड़ा



जानकीखेड़ा में यदि कोई बीमार हो जाये तो उसे 10 किमी लंबा चक्कर लगाकर अस्पताल जाना पड़ता है। कई बार रास्ते में ही कुछ मरीजों ने दम तोड़ दिया है। **नरेश यादव**, अधिवक्ता



2016 में मेरे भाई की अधूरे पुल से गिरने से मौत हो चुकी है। सांसद व विधायक ने गांव में आकर पुल बनवाने का आश्वासन दिया था पर कुछ नहीं हुआ। **भरत सिंह**, जानकीखेड़ा



अधूरे पुल के कारण आसपास के गांवों के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कोई भी सुनवाई नहीं होती है। **सूरज**



बख्तियारनगर के बीच कोई सम्पर्क मार्ग नहीं है। इस वजह से गर्भवती महिलाओं को काफी दिक्कत हो रही है। **विनोद**, जानकीखेड़ा



पुल न बनने से जानकीखेड़ा गांव पूरे क्षेत्र से कट गया है। कई लोग अपनी बच्ची की शादी गांव में कराने से हिचकिचाते हैं। गांव में विकास कुछ नहीं हुआ है। **लल्लन**, जानकीखेड़ा



जानकीखेड़ा बख्तियारनगर के बीच बेटी-रोटी का संबंध है। अधिकांश लोगों की रिश्तेदारी बख्यितारनगर में है, लेकिन पुल का काम पूरा न होने से लोगों को पहुंचने में काफी दिक्कत होती है। **रामचंद्र**, जानकीखेड़ा



जल निगम ने 22 साल पहले अधूरा पुल बनाकर छोड़ दिया है। लोग बांस-बल्लियों के सहारे पुल को पार करते हैं। कई हादसे हो चुके हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। **अजय**, बंडाखेड़ा



जानकीखेड़ा गांव से कोई सीधा रास्ता नहीं है। पुल बनने से किसान अपनी उपज मलिहाबाद होते हुये लखनऊ-हरदोई स्थित मंडियों में ले जा सकेंगे। **सुरेन्द्र यादव**, जानकीखेड़ा

## संक्षेप |



स्वप्न फाउंडेशन द्वारा आयोजित संवाद में मौजूद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष।

### संवाद में बच्चों ने जिम्मेदारों से पूछे सवाल

**लखनऊ।** स्वप्न फाउंडेशन की ओर से युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान लखनऊ के 20 स्कूलों के बच्चों ने भी हिस्सा लिया।कार्यक्रम में सोशल मीडिया पर विख्यात मीथिका द्विवेदी को बेसिक शिक्षा मंत्री ने सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह, बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश चंद्र मिश्र, एससीपी साइबर क्राइम विवेक रंजन व डीसीपी महिला अपराध रुचिता चौधरी आदि लोग शामिल रहे।

### एलयू: यूजी प्रवेश काउंसलिंग स्थगित

**लखनऊ।** बारिश के चलते एलयू व सम्बद्ध कॉलेज शुक्रवार और शनिवार को बंद रहेंगे। उधर जय केकेसी में 17 और 18 सितंबर को होने वाली यूजी प्रवेश की काउंसलिंग प्रक्रिया को खराब मौसम के चलते स्थगित कर दिया गया है।

### 72 हजार से ज्यादा ने च्वाइस लॉक की

**लखनऊ।** पॉलीटेक्निक काउंसलिंग में गुरुवार की शाम 5:30 बजे तक 79436 पंजीकरण हो चुके थे। इनमें से 75017 ने गुरुवार तक फीस भी जमा कर दी है और 72807 अभ्यर्थी अपनी कॉलेज च्वाइस लॉक कर चुके हैं।

### यूनिसेफ से एलयू को मिला 58 लाख का अनुदान

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय का समाज कार्य विभाग, यूनिसेफ उत्तर प्रदेश से साझेदारी करके उत्तर प्रदेश में बाल सुरक्षा तंत्र को सशक्त बनने के लिए एक टेक्निकल सपोर्ट यूनिट के रूप में कार्य करेगा। परियोजना प्रभारी डॉ. राकेश द्विवेदी ने बताया कि लविवि को यूनिसेफ द्वारा 58 लाख रुपए का अनुदान स्वीकृत हुआ है जो कि चरणबद्ध तरीके से लखनऊ विश्वविद्यालय को मिलेगा।

### सादगी के साथ आज मनेगी विश्वकर्मा पूजा

**लखनऊ।** विश्वकर्मा पूजा गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। गंगा जमुनी तहजीब को पेश कर हिन्दू- मुस्लिम कामगार एक साथ उपकरणों की पूजा करेंगे। भगवान विश्वकर्मा देवी-देवताओं के शिल्पकार कहे जाते हैं। 17 सितंबर को हर वर्ष विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। इस बार कोरोना महामारी को देखते हुए सीमित दायरे में कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रमुख आयोजन मकबूलगंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर में होगा। व्यवस्थापक त्रिभुवन नाथ शर्मा ने यह जानकारी दी।

## ● राजधानी में 21 हेल्थ पोस्ट सेंटर खोले जाएंगे ● डॉक्टर की सलाह, दवा और जांचें होंगी मुफ्त

# घर के पास मरीजों को मिलेगा मुफ्त इलाज

अच्छी खबर

**52** हेल्थ पोस्ट सेंटर का संचालन हो रहा है अभी राजधानी में

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

राजधानी में मरीजों को और बेहतर इलाज मिलेगा। इलाज की खातिर मरीजों को अधिक दूरी भी तय नहीं करनी पड़ेगी। घर के पास ही इलाज मिल सकेगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग 21 हेल्थ पोस्ट सेंटर खोलेगा। इसका प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा गया है। अधिकारियों ने मसौदे को जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद जाहिर की है।

अभी शहर में 52 हेल्थ पोस्ट सेंटर का संचालन हो रहा है। डिप्टी सीएमओ डॉ. एपी सिंह ने बताया कि शहर का विस्तार तेजी से हो रहा है। ऐसे में लोगों को घर के आस-पास इलाज मुहैया कराने की तैयारी है। इससे मरीजों की दौड़ कम होगी। समय पर इलाज मिलेगा। बड़े सरकारी अस्पतालों से मरीजों का दबाव कम होगा। डॉ. एपी सिंह ने बताया कि 21 हेल्थ पोस्ट सेंटर खोले जाएंगे। प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेज दिया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ भर्ती किए जाएंगे। डॉक्टर व स्टाफ से मरीजों को इलाज मिलेगा। मरीजों की सुविधानुसार ओपीडी के समय में तब्दीली की जा सकेगी।

### ये सुविधाएं होंगी

● एक रुपये के पर्चे पर डॉक्टर की सलाह ● मुफ्त दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ● खून की जांच की भी सुविधा रहेगी ● टीकाकरण होगा ● महिलाओं से जुड़ी बीमारियों का इलाज।

# सीएचसी में ही अब मरीजों को मिल जाएगा खून

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को खून के लिए ब्लड बैंक तक दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। सीएचसी में ही मरीजों को खून व अव्यय मिलेंगे। इसके लिए अस्पतालों में ब्लड स्टोरेज यूनिट खुलेंगी। प्रथम चरण में दो शहरी व दो ग्रामीण सीएचसी में ब्लड स्टोरेज यूनिट खुल गई हैं। लाइसेंस मिलने के बाद यूनिट का संचालन शुरू हो गया है।

**समय पर मिलेगा खून:** ग्रामीण क्षेत्र में 12 और शहरी क्षेत्र में आठ सीएचसी हैं। अभी तक यहां आने वाले मरीजों को खून की जरूरत पड़ने पर ब्लड बैंक भेजा जाता था। सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र में मरीजों को दिक्कत झेलनी पड़ रही थी।

### चार सीएचसी में यूनिट चालू

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के मुताबिक मोहनलालगंज और मलिहाबाद सीएचसी में ब्लड स्टोरेज यूनिट शुरू की गई हैं। अलीगंज और रेडक्रास सीएचसी में ब्लड स्टोरेज खुले हैं। इनमें खून, प्लेटलेट्स और प्लाज्मा उपलब्ध रहता है। जरूरतमंद मरीज को यहां से खून व प्लेटलेट्स आदि दिया जा रहा है।

### 24 घंटे मिलेगी सुविधा

24 घंटे यूनिट के संचालन के लिए पैरामेडिकल व स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया चल चालू की जाएगी।जिलाधिकारी ने सभी सीएचसी में ब्लड स्टोरेज यूनिट खोलने व मरीजों को खून चढ़ाने की सुविधा मुहैया कराने को कहा है।

# लखनऊ में आठ लोग कोरोना संक्रमित पाए गए

**लखनऊ।** कोरोना मरीजों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। गुरुवार को आठ लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। इनमें दुबई से लौटे व्यक्ति के परिवार के तीन सदस्य भी शामिल है। इस समय राजधारी में 23 सक्रिय मरीज हैं, जबकि गत 31 अगस्त को केवल 17 मरीज ही सक्रिय थे।

बीते दिनों दुबई से लौटे यात्री में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई थी। एहतियात के तौर पर स्वास्थ्य विभाग ने परिवार के बाकी सदस्यों की जांच कराई। साथ ही मरीज के संपर्क में आने वालों की भी कॉन्ट्रैक्ट ट्रेसिंग की। परिवार के तीन सदस्यों में कोरोनावायरस की पुष्टि हुई है। वहीं प्रदेश में 24 घंटे में 24 नए संक्रमित मिले जबकि अंबेडकर नगर में एक संक्रमित की मौत हो गई। इसी अवधि में 11 लोग इलाज के बाद ठीक होकर अस्पतालों से डिस्चार्ज भी हुए। राज्य में अब कुल एक्टिव केसों की संख्या 193 ही बची है।

**रक्षा सम्पदा कार्यालय, लखनऊ मण्डल**
30, नेहरू रोड, लखनऊ छावनी - 226002

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **लखनऊ छावनी स्थित जी0एल0आर0 सर्वे नं0 97 वर्गीकरण बी–4, रकबा 1.72 एकड़ भूमि जो निकट– सदर बाजार, बूचर मोहाल, लखनऊ छावनी में स्थित है। जिसका प्रबन्ध इस कार्यालय (रक्षा संपदा अधिकारी, लखनऊ मण्डल, लखनऊ छावनी) के अधीन है। उक्त भूमि पर आप लोगों के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर पक्का / कच्चा / टिन शेड बनाकर रह रहे हैं।** जिसकी अनुमति सक्षम अधिकारी द्वारा नहीं दी गयी है तथा उक्त अवैध निर्माण को हटाने की पूर्व निर्धारित तिथि 15.09.2021 को प्रशासनिक कारणों से स्थगित किया गया है।

अतः आप लोगों के द्वारा किये गये अवैध निर्माण के सम्बन्ध में आप लोगों को पुनः निर्देशित किया जाता है **कि अवैध निर्माण को दिनांक 21.09.2021 तक स्वयं हटा लें अन्यथा इस कार्यालय के द्वारा दिनांक 22.09.2021 को सुबह 11:00 बजे अवैध कब्जे को आपके हर्जे–खर्जे पर हटा दिया जायेगा।**

**Authority**: Estate Officer, Lucknow Cantt. Order No- L-14/20/LSA/PPE/Act/Sy-No-97, dated 29-03-2019 एवं हाई कोर्ट, इलाहाबाद, लखनऊ बेन्च लखनऊ केस नं० MISC- BENCH NO-7748 OF 2010 आर्डर दिनांक 08.08.2017 के संख्या SPECIAL APPEAL NO- 175 OF 2021 दिनांक 26.03.2021.

(विकास कुमार, IDES)
रक्षा सम्पदा अधिकारी,
लखनऊ मण्डल, लखनऊ छावनी।

दिनांक : 15 सितम्बर, 2021

# सात मरीजों में डेंगू की पुष्टि

**लखनऊ।** राजधानी में गुरुवार को डेंगू के सात मरीज मिले हैं। एलाइजा जांच के लिए नमूना स्वास्थ्य विभाग की स्टेट लैब में भेजा गया है।

छह मरीज बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में आए थे। वहीं दूसरी ओर एक मरीज लोकबंधु अस्पताल में पॉजिटिव आया है।

# प्रधानमंत्री ब्रह्मोस फैक्ट्री का शिलान्यास कर सकते हैं

तैयारी

लखनऊ | मुख्य संवाददाता

ब्रह्मोस मिसाइल फैक्ट्री की नींव रखने की तैयारियां तेज हो गई हैं। अक्तूबर के पहले सप्ताह में इसका शिलान्यास किया जाना है। इसमें पीएम मोदी के आने की पूरी उम्मीद है।

ऐसा पहली बार होगा जब प्रधानमंत्री एक सप्ताह के अंतराल पर दोबारा राजधानी में आएंगे। इसके पूर्व 26 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लखनऊ आ रहे हैं। सरोजनीनगर में डिफेंस कॉरिडोर के लिए जमीनों का अधिग्रहण तेजी से हो रहा है। यहीं पर ब्रह्मोस मिसाइल की फैक्ट्री भी बननी है। प्रशासन के सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री के आने के लिए ऊपर तक बात हो चुकी है। समारोह में गृह मंत्री अमित शाह भी आ सकते हैं। फैक्ट्री के लिए पहले चरण में 80 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता थी जिसको कम समय में पूरा कर लिया गया। इतनी जमीन ले ली गई है। रक्षा विशेषज्ञों की टीम भी सरोजनीनगर में निरीक्षण कर चुकी है।

# अमूल प्लांट से जांच को नमूने लिए गए

**लखनऊ।** अमूल के चक गजरिया स्थित प्लांट पर गुरुवार को एफएसडीए ने जांच के लिए कई नमूने लिए। एफसडीए के छह खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने नमूने लिए।

एफएसडीए के अभिहित अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह के अनुसार अमूल उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर यह पूरी कार्रवाई की गई है। प्लांट पूरी तरह ऑटोमैटिक है। यहां से दूध और दूध से बने उत्पादों के कुल नौ नमूने लिए गए हैं। टीम में एफएसओ धमेन्द्र प्रताप सिंह, संतोष कुमार, कमलेश शुक्ला, राजेन्द्र मिश्रा, अनुपम यादव और सीमा यादव ने प्लांट से नमूने लिए।

# सोते वक्त खर्राटे आ रहे हैं तो सचेत हो जाएं : डॉ. त्रिपाठी

सलाह

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

यदि सोते वक्त खर्राटे आ रहे हैं तो सचेत हो जाएं। इस परेशानी को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यह नींद से जुड़ी बीमारी है। यह जानकारी सरस्वती डेंटल कॉलेज कॉलेज के डॉ. अरविंद त्रिपाठी ने दी।

वह गुरुवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। डॉ. अरविंद त्रिपाठी के मुताबिक सरस्वती डेंटल कॉलेज में 20 से 25 सितंबर तक डेंटल स्लीप मेडिसिन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन होगा। सम्मेलन का मकसद लोगों को बीमारी के प्रति जागरुक करना है। इसके प्रभाव के बारे में जानकारी देना है। सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. केएन दुबे ने बताया कि नीद में खराटे की परेशानी बढ़ती जा रही है। समय पर इलाज व जागरुकता से खराटे से होने वाली दिक्कतों से खुद को बचा सकते हैं। केजीएमयू रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत भी मौजूद थे।

**इंडियन बैंक Indian Bank**
इलाहाबाद ALLAHABAD
मण्डलीय कार्यालय लखनऊ : न्यू बिल्डिंग, द्वितीय तल, हजरतगंज, लखनऊ–226001, फोन नं. 0522.2286272, 2287283 फैक्स : 2288033, Email: zolucknow@indianbank.co.in

**कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति हेतु)**

अधोहस्ताक्षरी जो कि **इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)** का प्राधिकृत अधिकारी है ने सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एस्सेट्स एण्ड इन्फोरसमेन्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्ट्रेस्ट एक्ट 2002 (54 का 2002) के नियम 3 के सब सेक्सन 13(12) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए खाते के सामने उल्लिखित तिथि को डिमाण्ड नोटिस जारी किया था। ऋणियों / बन्धककर्ता / जन साधारण को यह सूचित किया जाता है कि उन ऋणियों, जिन्होंने बकाया रकम चुकता नहीं किया, के परिसम्पत्तियों का जिनका विवरण निम्न है, अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त एक्ट के सेक्सन 13(4) सपठित नियम 8 के तहत निम्न वर्णित तिथि से कब्जा ले लिया है। विशेषतः मालिक सम्पत्ति एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि वह सम्पत्ति का किसी भी प्रकार का सौदा / सव्यवहार न करें, सम्पत्ति के संबंध में किया गया संव्यवहार इलाहाबाद बैंक, को देय राशि व उस पर ब्याज व अन्य व्यय आदि जैसा कि नीचे दिये खातों के सम्मुख उल्लिखित किया गया है के अध्याधीन होगा। **उधारकर्ता का ध्यान प्रतिभूति अस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है। विवरण निम्नानुसार है–**

| क्र. सं. | ऋणी का नाम एवं पता | अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि / कब्जा की तिथि / बकाया शेष (मांग सूचना के अनुसार) |
|---|---|---|---|
| | **शाखा : अलीगंज** | | |
| 1. | **ऋणी / जमानतकर्ता / बंधककर्ता:– सुश्री मलिक फर्नीचर्स (प्रो. सैयद अनवर अली पुत्र स्वर्गीय सैयद मुबारक अली),** पताः ई–एस2 / 143 सेक्टर–एफ, जानकीपुरम, लखनऊ उत्तर प्रदेश। **जमानतकर्ता / बंधककर्ता: श्रीमती नाहिद अफरोज पत्नी श्री सैयद अनवर अली,** पताः ई–एस2 / 143 सेक्टर–एफ, जानकीपुरम, लखनऊ उत्तर प्रदेश। | अचल आवासीय सम्पत्ति स्थित मकान सं. ईएस–2 / 143, सेक्टर–एफ, जानकीपुरम योजना, लखनऊ, लगभग क्षेत्रफल 35 वर्ग मी0, **चौहद्दी: पूर्व:** मकान सं. ईएस–2 / 144, **पश्चिम:** मकान सं. ईएस–2 / 142, **उत्तर:** 6 मी0 चौड़ी सड़क, **दक्षिण:** मकान सं. ईएस–2 / 132 | 06.05.2021 / 13.09.2021 / रु. 17,35,364 /– एवं उसपर ब्याज |
| 2. | **ऋणी / जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता:– 1. श्री सैयद अनवर अली पुत्र स्वर्गीय सैयद मुबारक अली,** पताः ई–एस2 / 143 सेक्टर–एफ, जानकीपुरम, लखनऊ उत्तर प्रदेश। **2. श्रीमती नाहिद अफरोज पत्नी श्री सैयद अनवर अली,** पताः ई–एस2 / 143 सेक्टर–एफ, जानकीपुरम, लखनऊ उत्तर प्रदेश। | अचल आवासीय सम्पत्ति स्थित मकान सं. ईएस–2 / 143, सेक्टर–एफ, जानकीपुरम योजना, लखनऊ, लगभग क्षेत्रफल 35 वर्ग मी0, **चौहद्दी: पूर्व:** मकान सं. ईएस–2 / 144, **पश्चिम:** मकान सं. ईएस–2 / 142, **उत्तर:** 6 मी0 चौड़ी सड़क, **दक्षिण:** मकान सं. ईएस–2 / 132 | 06.05.2021 / 13.09.2021 / रु. 5,20,486.51 /– एवं उसपर ब्याज |
| 3. | **ऋणी एवं जमानतकर्ता:– मेसर्स जे.पी. कंस्ट्रक्शन कंपनी (प्रो. श्रीमती ज्योति वर्मा),** कार्यालय एवं आवासीय पताः– सी–1 / 44, प्रियदर्शिनी, योजना सीतापुर रोड, लखनऊ। **जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता: श्री जगदीश प्रसाद वर्मा पुत्र स्वर्गीय राधे लाल वर्मा,** पताः– सी–1 / 44, प्रियदर्शिनी, योजना सीतापुर रोड, लखनऊ। | अचल सम्पत्ति, मकान सं. सी–1 / 44, क्षेत्रफल 128 वर्ग मी0 या 1377.28 वर्ग फीट स्थित सेक्टर–सी, प्रियदर्शिनी, योजना सीतापुर रोड, लखनऊ, **चौहद्दी: पूर्व:** खाली भूमि, **पश्चिम:** 9 मी0 चौड़ी सड़क, **उत्तर:** प्लॉट सं. 1 / 43, **दक्षिण:** प्लॉट सं. 1 / 43 | 17.05.2021 / 15.09.2021 / रु. 31,91,334 /– एवं उसपर ब्याज |
| 4. | **ऋणी / जमानतकर्ता:– 1. श्री केशव राम यादव पुत्र राम चंद्र यादव, पता–** मकान सं. 631 / 207, अजय नगर, कमता चिनहट, लखनऊ। **2. श्री धर्मेद्र यादव पुत्र केशव राम यादव,** पता– मकान सं. 631 / 207, अजय नगर, कमता चिनहट, लखनऊ। **जमानतकर्ता / बंधककर्ता: श्रीमती राम दुलारी पत्नी राम चंद्र यादव,** पता– मकान सं. 631 / 207, अजय नगर, कमता चिनहट, लखनऊ। | अचल सम्पत्ति, मकान सं. 631 / 207 प्लॉट सं. 15 पर निर्मित, खसरा सं. 141 का भाग, क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट स्थित कमता, वार्ड– इस्माइलगंज, परगना, तहसील व जिला लखनऊ, **चौहद्दी: पूर्व:** श्रीमती महेश्वरी का प्लॉट, **पश्चिम:** प्लॉट सं. 20, **उत्तर:** सोसाइटी का प्लॉट, **दक्षिण:** सड़क 20 फीट चौड़ी | 19.05.2021 / 15.09.2021 / रु. 16,95,820 /– एवं उसपर ब्याज |
| 5. | **ऋणी / जमानतकर्ता / बंधककर्ता:– मेसर्स नियोटेक पॉलीमर (प्रो. बिनोद मोदी पुत्र स्वर्गीय चौधरी मोदी), यूनिट पता:** ई–196 एवं ई–197, इण्डस्ट्रियल एरिया, कुर्सी रोड, लखनऊ। **आवासीय पता:** 536 / पी–129, मधेगंज, खदरा, लखनऊ। **जमानतकर्ता: श्री उमेश मोदी पुत्र स्वर्गीय चौधरी मोदी, पता:** मकान सं. 538 ए / 1657ए, शिवलोक, त्रिवेणी नगर–III, सीतापुर रोड, लखनऊ उत्तर प्रदेश। | अचल सम्पत्ति स्थित प्लॉट सं. ई–196 एवं ई–197, क्षेत्रफल 900 वर्ग फीट, कुर्सी रोड जुग्गौर, तहसील फतेहपुर, जिला– बाराबंकी, यू. पी., मेसर्स नियोटेक पॉलीमर इनके प्रो. श्री बिनोद मोदी के नाम, **चौहद्दी: पूर्व:** प्लॉट सं. ई–195, **पश्चिम:** प्लॉट सं. ई–198, **उत्तर:** प्लॉट सं. ई–193 एवं ई–192, **दक्षिण:** 18 मी0 चौड़ी सड़क | 17.05.2021 / 13.09.2021 / रु. 12,48,242.78 /– एवं उसपर ब्याज |
| 6. | **ऋणी / जमानतकर्ता / बंधककर्ता:– श्री प्रफुल्ल कुमार पुत्र स्वर्गीय राधे बिहारी लाल,** पता: डी–1160, इंदिरा नगर, लखनऊ। **ऋणी / जमानतकर्ता: श्री अभिषेक सक्सेना पुत्र श्री प्रफुल्ल कुमार,** पता–डी–1160, इंदिरा नगर, लखनऊ। | अचल आवासीय सम्पत्ति स्थित मकान सं. डी–1160, इन्दिरा नगर, लखनऊ, क्षेत्रफल 49.30 वर्ग फीट, **चौहद्दी: पूर्व:** मकान सं. डी–1158, **पश्चिम:** मकान सं. डी–1162, **उत्तर:** मकान सं. डी–1186, **दक्षिण:** 6 मी0 चौड़ी सड़क | 06.05.2021 / 13.09.2021 / रु. 16,30,591.08 /– एवं उसपर ब्याज |
| 7. | **ऋणी:– मेसर्स श्री मंगलम डिपार्टमेंटल स्टोर, प्रो. श्रीमती मोनिशा त्रिवेदी पत्नी आशीष चतुर्वेदी, पता:** प्लॉट नंबर 15, केएच. नंबर 241, मकान सं. 616 / 080, सेमा गौधी, वार्ड– फैजुल्लागंज, सीतापुर रोड, लखनऊ – 226021 **जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता: श्रीमती धर्मावती चतुर्वेदी पत्नी बाला शंकर चतुर्वेदी, पता:** प्लॉट नंबर 15, केएच. नंबर 241, मकान सं. 616 / 080, सेमा गौधी, वार्ड– फैजुल्लागंज, सीतापुर रोड, लखनऊ – 226021 | अचल आवासीय सम्पत्ति स्थित प्लॉट सं. डी–15, केएच. नंबर 24, सेमरा गौधी, वार्ड– फैजुल्लागंज, सीतापुर रोड, लखनऊ, क्षेत्रफल 65.06 वर्ग मी0, **चौहद्दी: पूर्व:** राजीव कुमार सिद्धार्थ का मकान, **पश्चिम:** अन्य का मकान, **उत्तर:** 18 फीट चौड़ी सड़क, **दक्षिण:** अन्य का मकान | 06.05.2021 / 13.09.2021 / रु. 15,95,722 /– एवं उसपर ब्याज |

दिनांक: 17.09.2021 स्थान: लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)




# एलयू: चार यूजी प्रवेश परीक्षाओं के नतीजे जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को चार पाठ्यक्रमों में यूजी प्रवेश परीक्षाओं के नतीजे घोषित कर दिए हैं। जिन पाठ्यक्रमों के नतीजे आए हैं उनमें बीएससी एग्रीकल्चर, बीजेएमसी, बीवोक और बीएलएड शामिल हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सभी यूजी पाठ्यक्रमों के नतीजे घोषित होने के बाद काउंसलिंग प्रक्रिया और च्वाइस फिलिंग की जानकारी दी जाएगी। गुरुवार को जारी नतीजे देर शाम वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड कर दिए गए हैं। बता दें कि जारी किए गए नतीजों में केवल बीवोक के दाखिले एलयू के लिए होंगे।

**ARYAVART BANK आर्यावर्त बैंक**
(A Joint Undertaking of Govt. of India, U.P. Govt. & Bank of India) (भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार एवं बैंक ऑफ इण्डिया का संयुक्त उपक्रम)
क्षेत्रीय कार्यालयः लखनऊ, आर्यावर्त भवन, 569 / 20 / के / 1, स्नेह नगर, वी.आई.पी. रोड, अवध हास्पिटल के सामने आलम बाग, लखनऊ

परिशिष्ट–IV-A [नियम 8 (6) देखें]
**अचल सम्पत्ति के बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के साथ पढ़ा गया। नोटिस जनता को दिया जाता है और विशेष रूप से ऋणी(ओं) और गारंटर(ओं) को दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति को गिरवी रखा गया है, प्रतिभूति लेनदार को चार्ज किया जाता है, जिसका कब्जा आर्यावर्त बैंक जोकि सिक्योर्ड क्रेडिटर है जिसके प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, "जो है जहां है, जैसा है" को नीचे दी गई तारीखों पर बेचा जाएगाः

| ऋणियों / जमानतदारों एवं शाखा का नाम एवं पता | बकाया राशि / माँग सूचना की तिथि | अचल सम्पत्ति का विवरण / कब्जे का प्रकार | आरक्षित राशि (रू) / धरोहर राशि (रू) / बिड बढोत्तरी राशि |
|---|---|---|---|
| ईएमडी जमा करने के लिए विवरणः– खाता सं0 001500200000034, IFSC Code- BKID0AG0015, खाता नाम– एमबीबी ट्रांजक्शन जिसमें " ई–एमडी डिपोजिट" कार्यमार्क भी होना चाहिए या क्षेत्रीय प्रबंधक आर्यावर्त बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के पक्ष में किसी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक द्वारा जारी किये गये बैंक ड्राफ्ट के द्वारा। | | | |
| **ऋणी एवं बंधककर्ताः** श्री प्रमोद कुमार मौर्य पुत्र स्व0 श्री बनवारी लाल पताः नया गोडियानपुरवा, जानकीपुरम्, लखनऊ–226021 **गारण्टर एवं बंधककर्ताः** श्री राजेश कुमार पुत्र स्व0 श्री बनवारी लाल निवासीः ग्राम एवं पोस्ट धर्मपुर, देवा, बाराबंकी–225301 **गारण्टरः** श्री गनेश प्रसाद पुत्र श्री राजा राम पताः सिकन्दरपुर, सेक्टर–एच, जानकीपुरम्, लखनऊ–226021, **शाखाः गुडम्बा, लखनऊ** | रू0 19,30,173.49 + ब्याज व अन्य खर्चे / 22.03.2018 | प्लॉट संख्या–7ए, खसरा सं0 1060, ग्राम– गोडियनपुरवा, परगना महोना, तहसील– बक्सी का तालाब, लखनऊ। एरिया–69.702 वर्ग मी., सम्पत्ति श्री प्रमोद कुमार मौर्य एवं श्री राजेश कुमार के नाम। **चौहद्दीः (सेल डीड के अनुसार):** पूर्व– रास्ता 18 फीट चौड़ा, पश्चिम–आराजी दीगर, उत्तर– प्लॉट सं0 8, दक्षिण– प्लॉट सं0 7 बी। / भौतिक कब्जा | रू0 11,66,000/- / रू0 1,16,600/- / रू0 10,000/- |
| ईएमडी जमा करने के लिए विवरणः– खाता सं0 003400200000034FSC Code- BKID0AG0034, खाता नाम– एमबीबी ट्रांजक्शन जिसमें " ई–एमडी डिपोजिट" कार्यमार्क भी होना चाहिए या क्षेत्रीय प्रबंधक आर्यावर्त बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के पक्ष में किसी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक द्वारा जारी किये गये बैंक ड्राफ्ट के द्वारा। | | | |
| 1. श्री विकास वर्मा पुत्र स्व0 श्री रमेश कुमार **(ऋणी श्री रमेश कुमार के कानूनी उत्तराधिकारी एवं गारण्टर),** 2. कु0 ममता देवी उर्फ ममता वर्मा पुत्री स्व0 श्री रमेश कुमार **(ऋणी श्री रमेश कुमार के कानूनी उत्तराधिकारी),** 3. कु. सरिता देवी उर्फ प्रीती वर्मा पुत्री स्व0 श्री रमेश कुमार **(श्री रमेश कुमार के कानूनी उत्तराधिकारी),** सभी निवासीः ग्राम मादरपुर कपेरा, कवाली, मोहनलालगंज लखनऊ–227308, 4. श्री विमलेन्द्र प्रताप पुत्र श्री शिव प्रसाद वर्मा **(गारण्टर)** निवासीः म. नं. 179, जोरस, बाराबंकी–227308 **शाखाः खुर्दही बाजार, लखनऊ** | रू0 8,05,101.10 + ब्याज व अन्य खर्चे / 03.03.2021 | प्लॉट गाटा नं. 207 खाता नं. 167 स्थित ग्राम मधरमऊ कला, परगना एवं तहसील मऊ– मोहनलालगंज लखनऊ। सम्पत्ति श्री रमेश कुमार पुत्र श्री रामधन के नाम। एरियाः 74.34 वर्ग मी., **चौहद्दीः–** पूर्व– साहू का प्लॉट, पश्चिम–रोड 20 फीट चौड़ा, उत्तर–विक्रेता का शेष भाग, दक्षिण– उमा शंकर वर्मा का प्लॉट। / भौतिक कब्जा | रू0 13,15,000/- / रू0 1,31,500/- / रू0 10,000/- |

**ई–नीलामी की दिनांक 21.10.2021 समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक**
**बिड जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 18.10.2021, सायं 4:00 बजे तक**

**नीलामी की नियम एवं शर्ते निम्नलिखित है**

1–ई–नीलामी **"जो है जहां है,जो है जैसा है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर हमारे मान्यताप्राप्त सेवा प्रदाता मेसर्स ई–प्रक्योरमेंट टेक्नोलॉजिस लिमिटेड (ऑक्सन टाइगर) के द्वारा संचालित की जायेगी।

2–सम्पूर्ण ई–नीलामी प्रकिया, आस्तियों का विवरण सम्बन्धी दस्तावेज, ऑनलाइन ई–ऑक्सन बिड फॉर्म, घोषणा एवं अडरटेकिंग फार्म, ऑनलाइन नीलामी बिक्री की सामान्य नियम एवं शर्ते वेबसाइट– https://sarfaesi.auctiontiger.net. पर उपलब्ध है। सम्पर्कः– विनय सिंह– 9140142862, चिंतन भट्ट, मो. 9978591888, हेल्प लाइन नं. 9265562821–079–68136837 / 80 / 90– 9265562818, ई–मेल–support@auctiontiger.netup@auctiontigernet, chintan.bhatt@auctiontigernet पर सम्पर्क करें।

**वैधानिक ब्याज प्रवर्तन नियम 2002 के अन्तर्गत (नियम 8(6) / /नियम9(1) वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना)**
इसे ई–नीलामी बिक्री की होल्डिंग अंतर्गत उक्त ऋण के उधारकर्ता और गारण्टर नियम को सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नोटिस के नियम 8(6) / नियम 9(1) के रूप में भी माना जा सकता है।

दिनांकः 17.09.2021 स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी

# दो लाख से ज्यादा बीएड सीटों के लिए पंजीकरण आज से

**लखनऊ।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-2023 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग शुक्रवार से शुरू हो रही है। इसके अंतर्गत पहले चार दिन यानी 17 से 20 केवल पंजीकरण किए जाएंगे। 21 को पहले राउंड के पंजीकरण का आखिरी दिन होगा और उसी दिन से च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पहले राउंड में रैंक से 75 हजार तक के अभ्यर्थियों को मौका दिया जाएगा।

बता दें कि यह ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया तीन चक्रों (मुख्य काउंसलिंग, पूल काउन्सिलिंग और सीधे प्रवेश) में होगी। मुख्य काउंसलिंग पूरी होने के बाद एक राउंड पूल काउंसलिंग का होगा और उसके बाद भी अगर सीटें बचती हैं तो कॉलेजों को यह छूट होगी कि वे उनपर सीधे प्रवेश ले सकते हैं। विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में बीएड की कुल सीटें 2,35,310 हैं। इनमें से 7830 सीटें विश्वविद्यालय और राजकीय या सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की हैं। जबकि बाकी 2,27,480 सीटें स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की हैं। इसके अलावा हर महाविद्यालय में आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के अभ्यर्थियों के लिए 10 प्रतिशत अतिरिक्त सीटें भी उपलब्ध होंगी।

# व्यावसायिक गतिविधियों के अनुसार बने योजना

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से तैयार कराया जा रहा सिटी डेवलपमेंट प्लान औद्योगिक व व्यवसायिक गतिविधियों पर आधारित होगा। गुरुवार को इस संबंध में प्राधिकरण भवन में हुई बैठक में मण्डलायुक्त रंजन कुमार और प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी समेत अन्य कन्सल्टेंट्स ने अपने-अपने सुझाव दिये।

एरिनेम कन्सल्टेंसी सर्विसेस की डायरेक्टर शुभ्रा मित्तल ने सिटी डेवलपमेंट प्लान को लेकर अब तक किये गये कार्यों का प्रजेन्टेशन दिया। इस पर रंजन कुमार ने कहा कि देश और दुनिया के शीर्ष सुव्यवस्थित शहरों का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए लखनऊ शहर का सिटी डेवलपमेंट प्लान तैयार किया जाए। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी ने कहा कि शहर के बाहरी इलाकों में प्लानिंग की आवश्यकता है।